## सार-समाचार

### ग्रीष्मकालीन वाचना का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। श्रुतसंवेगी आदित्य सागर जी महाराज ससंघ व मुनि अप्रमित सागर का सानिध्य जैन धर्मावलंबियों के लिए विशुद्ध ज्ञान ग्रीष्मकालीन वाचन का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर अध्यक्ष अंकित जैन ने बताया कि श्रुतसंवेगी आदित्य सागर जी महाराज ससंघ को सुनने सैकडों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। बुधवार को आदित्य सागर महाराज ने ग्रीष्मकालीन वाचना में कहा कि जीवन में सुख आवश्यक है सुविधा नहीं। जीवन को अधिक सुविधापूर्ण व पैसा वाला न होकर खुशहाल व सुखी होना जरूरी है। उन्हें खुशहाल जीवन की सीख देते हुए कहा कि हमें जीवन में तीन मंत्रो को याद रखना है। हमें प्रसन्नता व खुशी के माहौल में कभी कोई वचन नहीं देना है,दुख के समय हमें निर्णय करने से बचना है और जब हम क्रोधी हो तो उत्तर नहीं देना है यदि हम यह करने में सक्षम हो सके तो हमारे व्यक्तित्व में निखार आएगा और जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गाडी में पेट्रोल डलवाते समय लुब्रिकेंट आयल भी डलवाया जाता है उसी प्रकार मन में लुब्रिकेंट होना चाहिए जो हमें दुख,कोध्र व प्रसन्नता की अवस्था में लचीला बना सके और हम तुरंत प्रतिक्रिया देने से बच जाए।

### 'प्रदेश में लूटपाट की घटनाएं चिंताजनक'

**छबड़ा** (निसं)। विधायक व पूर्व मंत्री प्रतापसिंह सिंघवी ने कहा कि प्रदेश में लूटपाट की वारदातों पर अंकुश लगाया जाए। बारां जिले के बड़गांव में स्थित यूको बैंक में दिनदहाडे बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है, जो चिंताजनक स्थिति है। बदमाशों ने लूट की वारदात के समय हवाई फायर किए। बैंक लूटने व अन्य घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को ठोस कदम उठाने चाहिए। इन घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाए। सिंघवी ने कहा कि लुटेरे के मन में कानून और पुलिस का कोई भय नहीं है। अपराधी बैंक में अचानक घुस जाते हैं और बंदुक की नौक पर बैंक लूटकर फरार हो जाते हैं। बैंक में डकैती या लूटपाट होना लगभग आम बात हो गई है। बैंक लूट की वारदात कर्मचारियों की जान को तो जोखिम में डालती ही है, साथ ही उनकी मानसिक स्थिति पर भी बहुत नकारात्मक असर डालती है। बैंक डकैती का असर कर्मचारियों की मनोस्थिति पर लंबे समय तक रहता है। बैंक डकैती को रोकने के लिए प्रभावी संचार और नियंत्रण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।लूटपाट की घटनाओं पर काबू पाने के लिए पुलिस को सुरक्षा के कड़े उपाय अपनाने चाहिए।

### श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में फागोत्सव

**कोटा,** (निसं)। श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर रंगबाडी सेक्टर एक एवं दो की समिति द्वारा हर्षोउल्लास से फागोत्सव मनाया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गर्ग ने बताया कि सदस्यों एवं कॉलीनो निवासियो ने बढचढ कर होली उत्सव में हिस्सा लिया एक दुसरे का स्नेह व प्रेम की गुलाल लगाई। उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह शर्मा व मंदिर पुजारी हेमराज शर्मा ने बताया कि सबसे पूर्व विधिवत मंदिर में पूजा अर्चन किया गया। महामंत्री रामपाल शर्मा ने बताया कि मंदिर प्रांगण में सुंदर रंगोली भी सजाई और सदस्यो ने मंदिर परिसर में एक दुसरे को शुभकामनाएं देते हुए स्नेह की गुलाल लगाई एक दुसरें पर जमकर गुलाल उठाई। मंदिर महिला मंडली द्वारा मंदिर परिसर में हर्षोल्लास पूर्वक भजन कीर्तन करते हुए होली के धार्मिक भजनों एवं गीतों पर सामूहिक नृत्य भी किये गये। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### राशन सामग्री का वितरण

**कोटा,** (निसं) रोटरी क्लब पद्मिनी के द्वारा अपने स्थाई प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत विवेकानन्द नगर स्थित सेवाधाम वृद्धाश्रम में राशन साम्रगी का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष सुषमा बंसल एवं सचिव दीप्ति राजावत ने बताया कि क्लब ने वृद्धाश्रम में 120 किलों राशन सामग्री भेंट की है। उन्होने बताया कि यह क्लब का स्थाई प्रोजेक्ट है इस प्रोजेक्ट के तहत क्लब हर माह किसी भी जरूरतमंद संस्था को राशन साम्रगी व भोजन पैकेट वितरित करता है। दीप्ति राजावत ने बताया कि मार्च माह में अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट की चौयरमेन रेणु दीपचंदानी बनी जिन्होने राशन साम्रगी की व्यवस्था की। रेणु दीपचन्दानी ने बताया कि सेवाधाम वृद्धाश्रम में बुजुर्गजनों को आटा, चावल, नमक,चीनी, दाल, पोहा सहित 50 बिस्टिक के भेंट किए गए। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रीति आन्नद भी उपस्थित रही।

### खेत में लगी आग पर काबू पाया

**छबड़ा** (निसं)। इब्राहिमपुर नया गांव के जंगलों में बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची मोतीपुरा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की दमकल ने आग पर काबू पाया तथा आग को गांव में जाने रोक लिया। फायर सुपरवाइजर पप्पू जाटव के अनुसार इब्राहिमपूर नया गांव के जंगल मे बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जिसकी सूचना मिलने पर मोतीपुरा सुपर थर्मल की दमकल टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया तथा आग को गांव में जाने से रोका। फायर टीम में पप्पू जाटव, हेमंत शर्मा, हेमराज गौड़, मुकेश लोधा, बलराम बघेल व संतोष चंदेल शामिल रहे। वही क्षेत्र के मदनाखेड़ी गांव के जंगल में भी बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची छबड़ा नगर पालिका की दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। टीम में गजेंद्र शर्मा, गिर्राज नागर व नरेश सांखला शामिल रहे।

### बैठक में प्रतिभाएं सम्मानित

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के ब्राह्मण समाज द्वारा होली मिलन समारोह व समाज की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें समाज के लोगो ने संगीत कला एवं वाद्य वादक में दिल्ली व उडीसा में सम्मानित होने पर समाज के बालक व बालिका का सम्मान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्राह्मण समाज के होली मिलन समारोह व समाज की वार्षिक बैठक में ग्रीन पार्क निवासी ओमप्रकाश के पुत्र व पुत्री प्रियांशी शर्मा एवं राघव शर्मा के संगीत कला एवं वाद्य वादक दिल्ली व उडीसा से पुरस्कृत होकर समाज का गौरव बढ़ाया। इस पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हेमंत शर्मा, गिर्राज शर्मा, देवेंद्र पीटीआई, अशोक उपाध्याय, कपिल तिवारी, रूपचंद शर्मा, महावीर त्रिवेदी, नवीन उपाध्याय सहित अन्य समाज के लोगो द्वारा ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में दोनों का सम्मान किया गया।

### उमंग कार्यक्रम शनिवार को

**छबड़ा** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय का "उमंग 2024" वार्षिक उत्सव शनिवार रात्रि 8 बजे से आयोजित होगा। विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश गालव महासचिव पश्चिम मध्य रेलवे एवं मुख्य अतिथि नवीन माहेश्वरी निदेशक एलन करियर इंस्टिट्यूट कोटा होंगे। मुख्य वक्ता शिव प्रसाद, संगठन मंत्री विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के आतिथ्य में संपन्न होगा। प्रबंध समिति सचिव नरेंद्र सोनी एवं प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आयोजन को लेकर प्रबंध समिति एवं आचार्य बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण राजस्थान स्थापना दिवस की थीम बाल कवि सम्मेलन, देश भक्ति पर आधरित एकांकी और शिशु वाटिका की 12 व्यवस्थाओं एवं पांच आधारभूत विषयों का समावेश जैसे योग व संगीत की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होगी।

### प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

**छबड़ा** (निसं)। स्थानीय अमरचंद राजकुमारी बरड़िया जैन विश्व भारती स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय छबड़ा में कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं गुरुवार से प्रारंभ हो रही है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर सी मीणा के अनुसार कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा 23-24 की सभी तैयारी कर दी गई है। बी ए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 28 मार्च से शुरू होकर 14 अप्रैल तक आयोजित होगी। एम ए प्रीवियस के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 3 अप्रैल से 24 अप्रैल तक होगी। बीए प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड कोटा विश्वविद्यालय कोटा की एग्जाम साइट पैनल फॉर एनइप पर क्लिक करके प्राप्त करेंगे। बीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाओं के लिए अभी टाइम टेबल जारी नहीं किया गया है।

### महिला वॉकथॉन रैली आज

**झालावाड़** (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 28 मार्च 2024 को प्रात: 7 बजे से महिला वॉकथॉन रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली मिनी सचिवालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुलिस लाइन चौराहा पर समाप्त होगी।

# ग्रीन मैराथन गोल्ड मेडल विजेता धावक सम्मानित

**बूंदी** (निसं)। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित एसबीआई ग्रीन मैराथन में गोल्ड मेडल विजेता धावक रोहित बंशीवाल व गणपत सिंह चुंडावत को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने सम्मानित किया और उनकी हौसला अफजाई की।

उन्होंने दोनों युवा धावकों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए

> ■ एसबीआई ग्रीन मैराथन में रोहित और गणपत सिंह ने गोल्ड मेडल जीता

शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि दोनों युवाओं की सफलता अन्य के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करेगी।




गुजरात के गांधीनगर में आयोजित एसबीआई ग्रीन मैराथन में विजेता धावकों को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने सम्मानित किया।

गुजरात के गांधी नगर में आयोजित एसबीआई ग्रीन मैराथन में रोहित वंशीवाल ने 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में शामिल होकर 1 घंटा 5 मिनट का समय लेते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं गणपत सिंह चूंडावत ने 10 किमी दौड के लिए 30 मिनट का समय लेते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह ने बताया कि वर्तमान में दोनों युवा धावक खेल संकुल के सिंथेटिक ट्रैक पर अभ्यास कर रहे हैं। दोनों युवाओं का सपना है कि अगले महीने रांची (झारखंड) में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप जीतकर जिले का नाम रोशन करें।

# हमले के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**भवानीमंडी** (निसं)। भवानीमंडी थाना क्षेत्र के सुलिया गांव में जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास कि सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक लोकेश गुप्ता ने बताया कि बुधवार को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश शिवचरण मीना ने मुलजिम चुन्नीलाल पुत्र भंवरलाल जाति तेली (65) निवासी सूलिया थाना भवानी मंडी एवं मुलजिम अनिल कुमार पुत्र चुन्नीलाल उम्र 31 वर्ष जाति तेली निवासी सूलिया थाना भवानी मंडी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302,34 में आजीवन कारावास जुर्माना 20,000 रूपये एवं अदम अदायगी 06 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा से दण्डित किया है एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307,34 भारतीय दंड संहिता के तहत 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 20,000 रूपये जुर्माना एवं अदम अदायगी 02 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया है।

फरियादी पिंकेश कुमार पुत्र रतनलाल जाति तेली (30) निवासी सुलिया थाना भवानीमंडी ने अस्पताल भवानी मंडी में पुलिस को एक तहरीर रिपोर्ट इस आशय पेश की की में कक्षा 12वीं तक पढ़ा लिखा हूं एवं पेट्रोल पंप पर काम करता हूं मेरे पिताजी रतनलाल व मेरे बड़े पापा चुन्नीलाल निवासी सुलिया के बीच में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था 11 नवंबर 2021 को मेरे पिताजी रतनलाल व बड़े भाई रामबाबू मेरे खेत पर काम करने के लिए गए थे इसी दौरान मुझे मेरे मोबाइल पर हमले कि सुचना मिली थी।

मेरे पिताजी व भाई के खेत की मेड को लेकर झगड़ा हुआ था और मेरे पिताजी रतनलाल व भाई रामबाबू घर आने लगे तो बडे पापा चुन्नीलाल व उनके लड़के अनिल ने रोक कर लोहे के सरिया और लकड़ियों से जान से मारने की नीयत से मारपीट की जिससे मेरे भाई की मौत हो गई व पिताजी को गंभीर चोटे थी आई है।

# कार की टक्कर से दो की मौत, तीन घायल

**बूंदी** (निसं)। जिले के तालेड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 52 हाईवे में बलोप के पास सोमवार शाम को एक तेजरफ्तार कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे घर के बाहर खड़ी 10 कार और एक अन्य मोटरसाइकिल को टक्कर मारती हुई नाली में जा गिरी। घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां मंगलवार को दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिए।

तालेडा थाना अधिकारी रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि सोमवार शाम को एनएच 52 बलोप के पास श्री राम मंदिर के सामने एक अर्टिगा कार ने आगे चल रही एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर के बाहर खड़ी एक 10 कार और एक अन्य मोटरसाइकिल को टक्कर मारती हुई नाले में जा गिरी।दुर्घटना में सड़क किनारे खड़े रामकिशन प्रजापत निवासी बलोप की मौके पर ही मौत हो गई। वही मोटरसाइकिल में अपनी पत्नी के साथ गिरधरपुरा से अपने गांव ऐबराजा रहे नंदकिशोर पुत्र रघुनाथ मीणा। व उनकी पत्नी संतरा गम्भीर घायल हो गए। नंदकिशोर की अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते मे मौत हो गई और उसकी पत्नी संतरा गंभीर घायल का कोटा अस्पताल में इलाज जारी है।दुघर्टना में सुनील निवासी कुन्हाड़ी कोटा व लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण निवासी बलोप को भी चोटें आई है। पुलिस ने मंगलवार को दोनों मृतक रामकिशन प्रजापत व नंदकिशोर मीणा के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश

**झालावाड़,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 26 अप्रेल, 2024 को मतदान दिवस पर निजी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में कार्यरत कर्मचारियों को संवैतनिक अवकाश देय होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 की धारा 135(ख) के प्रावधान अनुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोक सभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन उनका अवकाश मंजूर किया जायेगा। उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने पर किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कोई कमी नहीं की जायेगी। यदि कोई नियोजक उपबंधों का उल्लघंन करेगा तो ऐसे नियोजक पर 500 रूपये तक का जुर्माना दण्डनीय होगा।

# निर्वाचन व्यय पर निगरानी दलों की पैनी नजर रहेगी

**कोटा** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के निर्वाचन व्यय पर पैनी नजर रखी जाएगी। इसके लिए विभिन्न दल तैनात किए गए हैं। उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो व्यूईंग टीम, लेखादल इस कार्य के लिए तैनात हैं। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 7 सहायक व्यय पर्यवेक्षक, 7 लेखा दल, 12 वीडियो निगरानी दल, 10 वीडिया व्यूईंग टीम, 54 उड़नदस्ता दल तथा 54 स्थैतिक निगरानी दल गठित किए गए हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी रखे हुए हैं। बुधवार को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ द्वारा प्रशिक्षण देकर निर्देश दिए गए कि विभिन्न दल नामांकन दाखिली के साथ ही निगरानी कार्य प्रति अधिक सतर्क हो जाएं और नियमानुसार राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की सूचना प्रेषित तथा संधारित करें।

सहायक नोडल अधिकारी डॉ. विधि शर्मा ने बताया कि नामांकन रैली का वीडियो निगरानी दल सम्पूर्ण कवरेज करें। जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में होर्डिंग्स, बैनर, पेम्फलेट पर नजर रखी जाए और नियमानुसार खर्चा जोडा जाए। विभिन्न स्थानों पर रैली, जुलूस, सभाओं की निगरानी कर सूचना भिजवाई जाए। निगरानी के दौरान फोल्डर ऑफ एवीडेंस का संधारण करें और शेडो रजिस्टर में राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के चुनाव खर्चे का नियमित संधारण किया जाए। बैठक में वरिष्ठ लेखाधिकारी धनफूल मीणा एवं लेखाधिकारी शाहदाब ने जानकारियां दी।

पानी की बोतल, नाश्ता सभी निर्वाचन व्यय में शामिलः- नामांकन रैली में बस इत्यादि वाहनों पर व्यय अभ्यर्थी के चुनाव खर्च में जोडा जाएगा। विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों के दौरान टेंकर द्वारा पानी का प्रबंध निर्वाचन व्यय से मुक्त रखा गया है जबकि पानी की बोतल सहित नाश्ता इत्यादि निर्वाचन व्यय में जोडा जाएगा।

पट्टा, गमछा, टोपी इत्यादि पर यदि राजनैतिक दल का नाम या चुनाव चिन्ह होने पर यह खर्चा राजनैतिक दल का माना जाएगा जबकि उक्त पर अभ्यर्थी का नाम भी यदि अंकित है तो यह खर्चा अभ्यर्थी के चुनाव खर्च में जोडा जाएगा। इसी तरह बैनर, पोस्टर इत्यादि पर अभ्यर्थी का फोटो, नाम होने पर उसके खाते में खर्चा जोडा जाएगा। अन्यथा पार्टी का नाम या चिन्ह होने पर राजनैतिक दल के निर्वाचन व्यय में जोडा जाएगा।

## होम वोटिंग के लिए पात्र मतदाता दो अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे

**झालावाड़,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित श्रेणी के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि होम वोटिंग की सुविधा लेने के लिए निर्धारित प्रारूप फॉर्म 12 डी में आवेदन करने का प्रावधान है। होम वोटिंग की सुविधा जिले के 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता, 40 प्रतिशत या अधिक प्रमाणित शारीरिक अक्षमता वाले मतदाता एवं चिकित्सक द्वारा प्रमाणित कोविड-19 संक्रमित व्यक्ति को उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्य में दूसरे चरण में जिन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, वहां होम वोटिंग के लिए 2 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को 8 अप्रैल तक उपलब्ध कराई जाएगी।

# कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में नामांकन 28 मार्च से

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण में गुरूवार 28 मार्च से अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया आरंभ होगी। कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन रिटर्निंग अधिकारी (जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट कोटा) कार्यालय के कमरा संख्या 18 प्रथम तल में लिए जाएंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए 28 मार्च से 4 अप्रेल तक प्रातः 11 से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्रिंग अधिकारी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रेल को प्रातः 11 बजे न्यू कलेक्ट्रेट सभागार में की जाएगी। अभ्यर्थिता वापसी 8 अप्रेल को अपरान्ह 3 बजे तक की जा सकेगी। गुरूवार से शुरू होने वाले नामांकन दाखिली के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भू प्रबंध अधिकारी ममता तिवाडी को मौका मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति सहित कुल 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को नामांकन के समय सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ-पत्र आदि के साथ आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है, तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी।

## जिला निष्पादन समिति की बैठक

**बूंदी** (निसं)। जिला निष्पादन समिति की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाता जागरूकता के लिए विद्यालयों में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में मिड डे मील योजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने कहा कि कहा कि विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण आहार मिले। मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत शेष रहे विद्यालयों में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करवाकर कार्य की प्रगति बढाई जावे। इसके अलावा शेष विद्यालयों में कम्प्यूटर उपलब्ध करवाने के लिए भामाशाहों से सहयोग लिया जावे। उन्होंने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण के प्रकरणों में संबंधित उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को अवगत करावें।

# कायस्थ बंधुओं ने एकता का परिचय दिया

**कोटा,** (निसं)। कायस्थ समाज द्वारा होली के बाद भाई दूज पर घरों व मंदिरों में अपने आराध्य भगवान चित्रगुप्त और कलम-दवात की पूजा की जाती है एवं भाई दूज भी मनाई जाती है।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया संयोजक श्री कुलदीप माथुर ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार होली के अगले दिन भाई को तिलक करने से उसे सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। इस दिन भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा का भी महत्व है। श्री चित्रगुप्त जी की पूजा से अकाल मृत्यु और पापों से छुटकारा मिलता है। भगवान चित्रगुप्त पुण्य पाप के लेखक है, उनके हाथों में कर्म की किताब, कलम, दवात और करवाल है। भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा से व्यवसाय में बरकत बनी रहती है। मृत्यु के बाद चित्रगुप्त ही यमराज को मनुष्यों के अच्छे-बुरे कर्मो का हिसाब बताते हैं जिसके बाद जीवात्मा के स्वर्ग या नर्क जाने का निर्णय लिया जाता है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कोटा द्वारा होली के पावन पर्व के दूसरे दिन दूज के पावन पर्व पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महा आरती खेड़ली फाटक स्थित जिंद बाबा मंदिर में की। इस दौरान जिला अध्यक्ष विनोद सक्सेना ने बताया कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप माथुर जी के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में आज भगवान चित्रगुप्त जी का सामूहिक पूजन आयोजित किया गया। इस दौरान महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने भगवान चित्रगुप्त जी का विधिवत रूप से पूजन करवाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री कुलदीप माथुर सहित संभाग अध्यक्ष नितिन भटनागर, प्रदेश संगठन सचिव नीरज, जिलाध्यक्ष विनोद सक्सेना, महिला जिला अध्यक्ष अनिता माथुर, जिला युवा अध्यक्ष नितिन नरेश भटनागर ने भगवान चित्रगुप्त जी की सामूहिक आरती की और प्रसाद वितरित किया।

# नामांकन रैली की तैयारी को लेकर भाजपा कोटा शहर की बैठक हुई

> ■ बैठक में पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी

**कोटा,** (निसं)। कोटा-बूंदी लोकसभा की नामांकन रैली के तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री अनुसुईया गोस्वामी के सानिध्य व कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में जीएमए प्लाजा सभागार में भाजपा कोटा शहर के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में पदाधिकारियों से चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गयी। प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश मोदी मय, भाजपा मय हो रहा है। हर तरफ एक ही आवाज है, सिर्फ मोदी-मोदी-मोदी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं उसे पूरा करते है इसलिये आमजन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास है। आमजन को मोदी के सबका साथ, सबका विश्वास नीति पर विश्वास है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य के माध्यम से आमजन तक अपना विश्वास बनाये रखा है। एव हमेशा अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के लिये, उनके सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खडे रहे है। प्रदेश मंत्री अनुसुईया गोस्वामी ने बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा कोटा-बूंदी भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हमेशा से गरीब पिछड़ों के हितैषी रहे है। हमेशा सेवा कार्य में लगे रहते हैं। कोरोनोकाल में उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र की आमजन की सुरक्षा के लिये अस्पतालों में किसी भी तरह की दवाइयों, ऑक्सिजन, बेड की कमी ना जा जाये सभी के लिये निरतंर केन्द्र सरकार से सम्पर्क में रह कर किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी। कोटा बूंदी क्षेत्र में जरूरतमंद की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहते है। नामांकन रैली में कोटा बूंदी लोकसभा से बडी संख्या में मातृशक्ति सम्मिलित होगी। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोटा बूंदी लोकसभा सीट हम पहले की तुलना में बडे मार्जन के साथ जीतेगें।

आमजन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर विश्वास है। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरे जोश में है। विपक्ष के पास सिर्फ झूठ के सिवाय कुछ नहीं है। नामांकन रैली में सभी मोर्चो, प्रकोष्ठों, मण्डलों से बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता सम्मिलित होगें। इसके पश्पात् जिलाध्यक्ष राकेश जैन से सभी मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक से अलग अलग बैठक कर उनको जिम्मेदारियां सौंपी। नामांकन रैली भव्य बनाने के लिये बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता सम्मिलित हों ऐसे दिशा निर्देश दिये। बैठक को वरिष्ठ नेता पंकज मेहता, लोकसभा संयोजक सुनिता व्यास, लोकसभा विस्तारक जितेन्द्र कौशिक, पूर्व महापौर महेश विजय, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजय, सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी मयंक सेठी, प्रदेश पेनिलिस्ट हितेन्द्र शर्मा, नगर निगम कोटा दक्षिण नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, कोटा डेयरी चेयरमैन चौन सिंह, कोटा देहात पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र नंदवाना, पूर्व उपमहापौर योगेन्द्र खींचीं, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुदर्शन गौतम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता पचवारिया, देहात से जिलाध्यक्ष आशा त्रिवेदी, सहित पदाधिकारीयों ने भी संबोधित किया।

मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौडा, व धन्यवाद ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महावीर सुवालका ने दिया। बैठक में जिला महामंत्री मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष नेता खण्डेलवाल, लक्ष्मण सिंह खींचीं, देवेन्द्र राही, सुरभी शाह झामनानी, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, हरिहर गौतम, रेखा खेलवाल, अंजू बाला सैन, जयदेव सुखेजा, आशा चतुर्वेदी, महिला मोर्चा महामंत्री पूनम जैन, सुनिता नायक, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अवधेश अजमेरा, महामंत्री अमित उराडिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जगन्नाथ नागर, युवा मोर्चा, महामंत्री नरेन्द्र मेघवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल मिर्जा, महामंत्री मुन्ना खान, रईस खान, प्रकोष्ठ से के पी सिंह, अनिल तिवारी, नाथुलाल पहलवान, महिप सिंह सोलंकी, डॉ अमित व्यास, दिलिप सिंह नरूका, जितेन्द्र चौधरी,कृष्ण मुरारी सामरिया, मीडिया कोटा संभाग प्रभारी अरविंद सिसादिया, महिला मोर्चा कोटा संभाग प्रभारी नीलम पारेता, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सलीम अब्बासी, प्रदेश सहसंयोजक पंचायत राज प्रकोष्ठ गोविंद सिंह परमार, लोकसभा संयोजक सोशल मीडिया संदीप कपूर, कोटा संभाग संयोजक रजनीश सिंह राणा, सहसंयोजक भुवनेश महावर, मोनिका माहेश्वरी, जिला संयोजक कनिष्क शर्मा, हिमांशु सैनी, मौनी शारदा, केशवपुरा मण्डल प्रभारी नंदलाल प्रजापति, बोरखेडा मण्डल प्रभारी योगेन्द्र खींचीं, मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह निर्भय, रमेश शर्मा, अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा, विजय सिंह कानावत, धर्मेन्द्र सिंह हाडा, संजय निझावन, पारस खींचीं, दिलिप शर्मा, राजेन्द्र मेहरा, अनिल सोनी रविन्द्र सिंह हाडा, मण्डल संयोजक पंकज वात्स्य, शैलेन्द्र ऋषी, कीर्तिकांत गोयल, जगदीश नायक, इन्द्रमल जैन, हेमंत मेवाडा, रोहित चंदेल, भुपेन्द्र भार्गव, जस्सू दिवाकर, विनय अग्निहोत्री,वर्षित विजय,सहित बडी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिलाओं को पोषण किट बांटे

**कोटा,** (निसं) महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण किया गया।अध्यक्ष सुलोचना जैन एवं सचिव मिथिलेश जैन ने बताया कि वेद दाऊ दयाल जोशी औषधालय तलवंडी में 25 गर्भवती महिलाओं को पोषाहार किट बांटे गए एवं गर्भवती महिलाओ को आहारकृविचार की सीख दी गई।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि भूखण्ड मय निर्मित मकान नम्बर 2-ग-39, केशवपुरा टीचर्स कॉलोनी, कोटा, राज. में स्थित है। जिस पर श्री घनश्याम शर्मा जी ने एक्सिस बैंक लि. शाखा-कोटा से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त भूखण्ड के मय निर्मित मकान नम्बर 2-ग-39 के समस्त असल दस्तावेज एक्सिस बैंक लि. शाखा-कोटा में रहन (Mortgage) कर रखे हैं। यह कि श्री घनश्याम शर्मा जी का स्वर्गवास दिनांक 22.12.2022 को हो चुका है तथा उक्त भूखण्ड मय निर्मित मकान नम्बर 2-ग-39 के पेटे लिए हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एक्सिस बैंक लि. शाखा-कोटा को की जा चुकी है, इसलिए अब हम उक्त भूखण्ड मय निर्मित मकान नम्बर 2-ग-39 के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहते हैं। यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रकाश तिथि से 7 दिवस तक की अवधि में सूचित करें। सूचित रहे।

1. श्रीमती आशा शर्मा (पत्नि स्व. श्री घनश्याम शर्मा जी)
2. कल्पेश कुमार शर्मा, राजन शर्मा (पुत्रान् स्व. श्री घनश्याम शर्मा जी)

राजेश गुप्ता (एडवोकेट)
दिनांक : 26.03.2024 मो. 9829230354

**कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा**

क्रमांक : एफ11 विक्रय/2024/2214 **नाम हस्तांतरण चाहने बाबत् आम सूचना** दि. 12.3.2024

नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी आवास संख्या 566 का नामहस्तांतरण क्रमांक 39-40 दिनांक 27.01.2017 को श्री हंसराज बैरवा पुत्र श्री लक्ष्मण लाल बैरवा के नाम हस्तान्तरण किया गया था। जिसके उपरान्त क्रेता श्री हंसराज बैरवा की मृत्यु दिनांक 14.08.2022 हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री हंसराज बैरवा पुत्र श्री लक्ष्मण लाल बैरवा के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्रीमती सुशीला बैरवा पत्नी स्व0 श्री हंसराज बैरवा द्वारा उक्त आवास संख्या 566 श्रीरामकृष्णपुरम-बी अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास, कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त आवास संख्या 566 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी का नामहस्तान्तरण श्रीमती सुशीला बैरवा पत्नी स्व0 श्री हंसराज बैरवा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा**

क्रमांक : एफ-15/ कृ.भू.रु/2024/1209 **विज्ञप्ति** दि. 26.3.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना कृष्ण विहार खसरा नं0 375/450 में स्थित भूखण्ड संख्या 248 आवेदक/आवेदिका श्रीमती मंजू बाई (मंजू शर्मा) पत्नि श्री कमलेश कुमार निवासी म0 नं0 एफ-121, जय श्री विहार, ग्राम थेकडा कैथून रोड कोटा हाल निवासी फ्लैट नं0 211 रजत सिटी पार्क व्यू, बालाजी मार्केट कोटा राज0 द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 4556 दिनांक 19.02.2007 को श्री बृजमोहन शर्मा पुत्र श्री रामगोपाल शर्मा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 11.06.2013 एवं पुत्र हनुमन्त कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 14.02.1994 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नि श्रीमती रामजानकी देवी, पुत्री मंजू बाई उर्फ मंजू शर्मा है। वारिसान श्रीमती रामजानकी देवी द्वारा रजि0 हकत्याग पत्र दिनांक 12.01.2016 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अतः श्रीमती मंजू बाई (मंजू शर्मा) पत्नि श्री कमलेश कुमार के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

